






# गेहूं खरीदी केंद्रों पर किसानों के लिए हो पानी-छाया की व्यवस्था

## समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में जनगणना, स्वास्थ्य सहित अन्य मुद्दों पर दिए महत्वपूर्ण निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मिलिंद कुमार नागदेवे ने की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागृह में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं जनहित से जुड़े कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में जनगणना, गेहूं उपार्जन, पेयजल, स्वास्थ्य, जल संरक्षण, कृषि, राजस्व एवं सामाजिक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में गेहूं उपार्जन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए पेयजल, छाया एवं टेंट की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस दौरान जनगणना कार्य की प्रगति



की भी समीक्षा की गई। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए गए कि समस्त नगर पालिकाओं, जनपद पंचायतों एवं बड़े हाट बाजारों में स्थाई पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही कॉलेजों एवं स्कूलों में रूफ हार्वेस्टिंग के कार्य शीघ्र प्रारंभ करने, अमृत सरोवर एवं बलराम तालाब के कार्य लक्ष्यानुसार शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। नाले-नालियों की सफाई का कार्य निरंतर जारी रखने पर भी जोर दिया गया।

बैठक में परियोजना अधिकारी को शहर में स्थित जीर्ण-शीर्ण भवनों की मरम्मत के निर्देश दिए गए। जल संसाधन विभाग की समीक्षा के दौरान पानी की टंकियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश



दिए गए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में एचपीवी टीकाकरण की प्रगति पर चर्चा करते हुए शेष बचे टीकाकरण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। संपूर्णता अभियान 2.0 की भी समीक्षा की गई। बैठक में कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान ई-विकास प्रणाली के माध्यम से 100 प्रतिशत उर्वरक वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। फॉर्मर रजिस्ट्री अंतर्गत विवादित नामांतरण एवं बंटवारे के प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने के लिए सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया गया। बैठक में ई-केवाईसी की समीक्षा के दौरान जनपद पंचायत महेश्वर, गोगावां एवं भगवानपुरा में एक माह का कैलेंडर बनाकर प्रत्येक तीन पंचायतों पर एक पीसीओ को नोडल अधिकारी नियुक्त कर कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

### देरी से काम पर नाराजगी

संबल योजना अंतर्गत लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रकरणों की समीक्षा में समय-सीमा से बाहर प्रकरण पाए जाने पर जनपद पंचायत सीईओ गोगावां एवं महेश्वर पर नाराजगी व्यक्त की गई। भविष्य में समय-सीमा का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए। स्पष्ट किया कि सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए जनहित योजनाओं का लाभ समय पर पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। संयुक्त कलेक्टर हेमलता सोलंकी, आकांक्षा अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर अनिल जैन, एसडीएम सत्येंद्र बैरवा, लोकेश छापरे सहित जिला अधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर में

### 17 वर्ष देश की सरहद की सुरक्षा कर वतन लौटेंगे जांबाज सुनील जाट

**बड़वाह, निप्र।** भारतीय सेना में अपनी गौरवशाली सेवाओं से क्षेत्र का मान बढ़ाने वाले जांबाज सैनिक का अब गृह नगर में ऐतिहासिक अभिनंदन किया जाएगा। क्षेत्र के ग्राम काटकूट निवासी सुनील जाट (LAG SIGNALLING) भारतीय सेना में 17 वर्षों की निष्ठापूर्ण और अटूट सेवा पूरी कर आगामी 24 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इस गौरवपूर्ण अवसर पर पूरे जाट समाज ने उनके भव्य स्वागत और अभिनंदन की विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं। परिजनों ने बताया कि सुनील जाट की सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में आगामी 24 अप्रैल, शुक्रवार को ग्राम काटकूट में शाम 4 बजे से अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित होगा। इस दौरान देश सेवा का सफल कार्यकाल पूर्ण कर लौटे जांबाज का समस्त जाट समाज और ग्रामीणों द्वारा पुष्पहारों एवं विजय जुलूस के साथ जोरदार स्वागत किया जाएगा। एक जांबाज सैनिक की सम्मानजनक वापसी को लेकर समाज और पूरे क्षेत्र में भारी उत्साह व हर्ष का माहौल है। निवेदक राजाराम जाट, डॉ. अनिल जाट एवं समस्त जाट खोजा परिवार ने समाज बंधुओं और शुभचिंतकों से कार्यक्रम में सम्मिलित होकर सैनिक का उत्साहवर्धन करने और शुभकामनाएं देने की अपील की है।



### मंडलेश्वर उपडाकघर में 25 अप्रैल को आधार नामांकन और अपडेट के लिए विशेष अभियान

**मंडलेश्वर, निप्र।** भारतीय डाक विभाग द्वारा आम नागरिकों की सुविधा के लिए दिनांक 25.04.2026 शनिवार को सुबह 08 बजे से सायं 06 बजे तक मंडलेश्वर उपडाकघर में आधार नामांकन एवं अपडेट हेतु विशेष अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष अभियान के अंतर्गत नागरिक अपने आधार कार्ड में नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर, बायोमेट्रिक अपडेट जैसे आवश्यक संशोधन आसानी से करवा सकते हैं। यह सुविधा भारत सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क पर उपलब्ध रहेगी। अभियान के दौरान डाकघर में अतिरिक्त व्यवस्थाएं की गई हैं ताकि अधिक से अधिक नागरिकों को शीघ्र एवं सुगम सेवा प्रदान की जा सके।




**टोकन वितरण 23 एवं 24 अप्रैल को :-** आधार नामांकन एवं अपडेशन के विशेष अभियान हेतु दिनांक 23.04.2026 एवं 24.04.2026 को डाकघर में टोकन प्रदान किए जाएंगे। नागरिकों से अनुरोध है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपने आधार से संबंधित कार्य समय पर पूर्ण कराएं। नायब पोस्ट मास्टर, मंडलेश्वर ने समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे दिनांक 25 अप्रैल 2026 शनिवार को सुबह 08 बजे से सायं 06 बजे तक मंडलेश्वर उपडाकघर में पहुंचकर इस विशेष अभियान का अधिकतम लाभ उठाएं।

### सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत, जेब में खाली मैगजीन, सड़क पर मिली देसी पिस्टल

**भीकनगांव, निप्र।** भीकनगांव क्षेत्र में रविवार रात लगभग 12 बजे एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति की इलाज के दोरान मोत हो गई। यह हादसा खरगोन नाके के पास उस समय हुआ जब एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने पैदल चल रहे व्यक्ति को टक्कर मार दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अजय (19 वर्ष), पिता रायसिंह, निवासी टोकसर, अपने रिश्तेदार की शादी में शामिल होने के लिए लालखेड़ा आया हुआ था। कार्यक्रम से लौटते समय वह अपनी मोटरसाइकिल (क्रमांक एमपी 10 जेटजी 6864) से वापस जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में उसने पैदल जा रहे तातीय पिता भगवान, को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल चला रहे अजय की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पैदल चल रहे तातीय गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने अजय को मृत घोषित कर दिया, वहीं घायल तातीय का उपचार के दोरान खरगोन में मोत हो गई। घटना के बाद पुलिस को जांच के दौरान एक चौंकाने वाला पहलू सामने आया। मृतक अजय की जेब से देसी पिस्टल की खाली मैगजीन मिली। इसके अलावा, सड़क पर एक देसी पिस्टल भी बरामद की गई। पुलिस ने पिस्टल और मैगजीन को जब्त कर लिया है। थाना प्रभारी नीरज सारवान के अनुसार, मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है और पूरे घटनाक्रम की गहन जांच की जा रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि युवक के पास पिस्टल की खाली मैगजीन कैसे और क्यों थी तथा सड़क पर पिस्टल कैसे पहुंची। फिलहाल, पुलिस दुर्घटना के कारणों के साथ-साथ अवैध हथियार के एंगल से भी जांच में जुटी हुई है।

### कार की सीट से दिनदहाड़े चुरा लिए 27 लाख रुपए



**खरगोन, निप्र।** शहर की जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सामने दाता हनुमान मंदिर द्वार क्षेत्र में सुबह दिनदहाड़े एक कार से 27 लाख रुपए से भरा झोला गायब होने का मामला सामने आया है। यह रुपए अनाज व्यापारी के थे जो व्यापारी का कर्मचारी काम में लेकर जा रहा था। कार चालक ताहिर खान ने बताया कि वह साक्षी सेल्स पर बतौर कर्मचारी कार्यरत है। रोज की भांति मंगलवार सुबह बैंक ऑफ बड़ौदा से लेकर लौटते समय नूतन नगर मार्ग से अनाज मंडी जा रहा था। इसी दौरान सीसीबी बैंक के सामने कार खड़ी करने के बाद कार से बाहर निकलकर व्यापारी दिनेश जायसवाल से मोबाइल पर रुपए कहां पहुंचाना है, इसकी बात कर रहा था। इसके बाद जब कार में बैठा तो अगली सीट पर रखा रुपयों से भरा झोला गायब था। व्यापारी की सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर चोरों की तलाश शुरु की है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है।

### आउटसोर्स कर्मचारियों ने निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन



**खरगोन, निप्र।** भारतीय मजदूर संघ मध्य प्रदेश के आव्हान पर मंगलवार को आउटसोर्स कर्मचारियों ने लंबित मांगों को लेकर धरनाए प्रदर्शन और रैली आयोजित की। शहर में कर्मचारी गणेश मंदिर परिसर में एकत्रित होकर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री के नाम 20 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों की मांग है कि आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए निगमध् मंडल का गठन किया जाए। श्रम कानूनों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन और सामाजिक सुरक्षा दी जाए। समान कार्य के लिए समान वेतन लागू किया जाए। ठेकेदारों द्वारा हो रहे शोषण पर रोक लगाई जाए जैसी मांगें शामिल है।

## दोस्ती में दगा, वीडियो बनाकर की आत्महत्या

**गोगावा, निप्र।** आधे करोड़ की जमीन खरीदी के मामले में दोस्त के दगा देने के बाद एक व्यक्ति ने खेत में किट नाशक दवाई पीकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

गोगावा थाना अंतर्गत ग्राम रेहगांव में दोस्त के दगा देने के बाद अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली आत्महत्या के पहले मोबाइल पर आत्महत्या का क्या कारण था आत्महत्या के लिए उकसाने वाले लोगो के नाम बताकर वीडियो वायरल कर लोगों और कानून से दोषियों को सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कीटनाशक पीकर अपनी जान दे दी वीडियो में ही मृतक अपने परिवार की सुरक्षा की चिंता करते हुए प्रशासन से सुरक्षा प्रदान करने की मांग करता दिखाई दे रहा है।

मृतक के पुत्र आयुष के अनुसार ग्राम रेहगांव निवासी सालकराम मोतीराम यादव (43) ने अपने ही गांव निवासी तीन भाइयों राजू गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता एवं जितेंद्र गुप्ता पिता रामेश्वर गुप्ता हाल निवासी खरगोन से 7 एकड़ 52 डिसमिल जमीन का सौदा प्रति एकड़ लगभग 8.21 लाख में किया और सौदा चिट्ठी अपने दोस्त सुरेश मंशाराम यादव के नाम से लिखवा दी। सौदा चिट्ठी में बयाना राशि एक लाख रुपये देने की बात भी





बताई जा रही है। जिसमें 5 माह में रूपये देने के बाद जमीन अपने नाम पर किये जाने की बात की गई। इस बीच मृतक द्वारा वीडियो में बताया जा रहा है कि राजू व जितेंद्र गुप्ता को 22 लाख 7 हजार 300 रुपये दिए थे फिर भी बदल गए। 45 लाख रुपये सुरेश को दिए थे और लिखापढ़ी भी उसी के नाम से अपना भाई समझ कर कराई थी जिसका बयाना भी मेरे द्वारा गवाहों के समक्ष दिया गया था तथा सौदा चिट्ठी की लिखापढ़ी का खर्चा भी मैंने ही दिया था। किसी श्याम निवासी बिलखेड़ का नाम लेकर डराने धमकाने की बात भी कही जा रही है जो मृतक को उसकी खरीदी हुई जमीन पर जाने से मना कर रहा था और धमका रहा था कि मेरे कमलेश और सुरेश के पास बहुत धन है और बहुत जमीन है वो तुझे जान से मार देंगे साथ ही यह भी बताया कि सुरेश और उसका लड़का कमलेश भी जमीन पर जाने पर जान से मारने की धमकी देते आ रहे थे घर बुला-बुला कर धमका रहे थे। मृतक द्वारा अपने खेत के सामने खेत मे ही कीटनाशक पी कर आत्महत्या कर ली जिसका मर्ग गोगावां पुलिस द्वारा कायम किया गया है थाना प्रभारी उपनिरीक्षक दीपक यादव द्वारा बताया गया कि मर्ग कायम कर जांच की जा रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने सुरेश पिता संशाराम व कमलेश पिता सुरेश दोनों बाप-बेटे को राउंड अप किया है।

## भीषण गर्मी में स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित करने की की मांग

**बड़वाह।** संपूर्ण निमाड़ क्षेत्र में इन दिनों भीषण गर्मी एवं लू का प्रकोप जारी है। इस कारण बड़वाह क्षेत्र के अभिभावकों ने स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित करने की मांग की है। इस तारतम्य में विधायक सचिन बिरला ने जिला कलेक्टर को पत्र लिख कर जिले के निजी और शासकीय स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित करने की मांग की है।

पत्र में कहा गया है कि बड़वाह क्षेत्र में भी भीषण गर्मी का प्रकोप निरंतर बढ़ रहा है। तापमान में अत्यधिक वृद्धि और लू के कारण सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। विशेष रूप से स्कूली बच्चों को दोपहर के समय विद्यालय आवागमन में बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। तपती गर्मी के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ने की भी आशंका है। इस कारण अभिभावकों में चिंता व्याप्त है। पत्र में कहा गया है कि बड़वाह क्षेत्र के ग्रामों एवं नगरों के पालकों द्वारा मांग की जा रही है कि बच्चों को भीषण गर्मी के प्रकोप एवं स्वास्थ्य संबंधी जोखिम से बचाने के लिए स्कूलों में तत्काल ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया जाए।

## ओखला में आज से 28 अप्रैल तक भव्य श्रीराम कथा होगा आयोजन

**बड़वाह, निप्र।** देवकीनंदन जी ठाकुर की कथा सुनने उमड़ेगा जनसैलाब, मंदिर प्रबंधन समिति ने भेजे आमंत्रण। ओखला क्षेत्र में 22 अप्रैल से 28 अप्रैल 2026 तक भव्य एवं दिव्य श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सुप्रसिद्ध कथावाचक देवकीनंदन जी ठाकुर अपनी मधुर वाणी से श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराएंगे। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में व्यापक तैयारियां शुरू हो चुकी हैं और श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है।


आयोजन समिति के व्यवस्थापक सुभाष चंद्र पुरोहित और पुजारी गिरीश पुरोहित ने जानकारी देते हुए बताया कि कथा का आयोजन करोड़ों रुपये की लागत से भव्य स्तर पर किया जा रहा है। कथा स्थल को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है तथा श्रद्धालुओं के बैठने, पेयजल, पार्किंग और सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की जा रही है। समिति द्वारा देशभर के संत-महात्माओं, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों को आमंत्रण भेजा गया है। इस दौरान कई बड़े नेता एवं समाजसेवी भी कथा में शामिल होकर भगवान श्रीराम के दरबार में माथा टेकेंगे। कार्यक्रम के दौरान धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा। कथा प्रतिदिन दोपहर से सायंकाल तक आयोजित होगी, जिसमें भगवान श्रीराम के जीवन, आदर्शों एवं मर्यादाओं का विस्तार से वर्णन किया जाएगा। आयोजकों का कहना है कि यह कथा न केवल





धार्मिक आस्था को मजबूत करेगी, बल्कि समाज में संस्कार और नैतिक मूल्यों को भी बढ़ावा देगी। आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने एवं धर्म लाभ लेने की अपील की है। ओखला सहित आसपास के गांवों में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है।

## पुलिस ने अवैध शराब कारोबारी के खिलाफ की कार्रवाई



**महेश्वर, निप्र।** मंगलवार को महेश्वर पुलिस ने अवैध शराब कारोबारी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए 1,63298 की अवैध शराब तथा 6 लाख रुपए की सफेद रंग की कार को जप्त किया पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर योजनाबद्ध ढंग से कार्रवाई करते हुए एक हुंडई कार क्रमांक एमपी 46 जेड.जी. 2151 में अवैध शराब होने की जानकारी मिली थी।

इसे लेकर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कार से देसी तथा अंग्रेजी शराब की 44 पेटियां जिनमें 465 लीटर अवैध शराब जिसका बाजार मूल्य 163298 की जब्त की। अवैध शराब व कर दोनों संपत्तियां मिलकर पुलिस ने कार्यवाही में कुल 763298 का माल जब तक किया इस कार्यवाही में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक- 136/26 दर्ज करते हुए प्रकरण विवेचना में लिया। उक्त कार्रवाई में प्रभारी, थाना प्रभारी रितेश यादव, उप निरीक्षक सुनील कुमार जमाले, विक्कू वीरेंद्र घाटे, अमर मानवे का योगदान रहा।

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों का व्यापक निरीक्षण





**खरगोन, निप्र।** स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों को लेकर नगर पालिका परिषद खरगोन द्वारा जमीनी स्तर पर सघन निरीक्षण किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष छाया जोशी और मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमला कोल ने कुंदा नदी, उससे जुड़े नालों तथा सार्वजनिक/सामुदायिक शौचालयों का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान शिकायतों के आधार पर यह पाया गया कि कुछ नालों का दूषित पानी कुंदा नदी में मिल रहा है, जिससे नदी में बदबू एवं प्रदूषण की स्थिति निर्मित हो रही है। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए काला देव मंदिर के पास स्थित नाले को एसटीपी प्लांट से जोड़ने के निर्देश दिए गए। बंद पड़े 5000 लीटर प्रति घंटा क्षमता वाले एसटीपी प्लांट को शीघ्र चालू कर नाले के पानी को फिल्टर कर नदी में छोड़े जाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही वाटर प्लस प्रोटोकॉल अंतर्गत वार्ड क्रमांक 17, टवड़ी मोहल्ला में स्थित सार्वजनिक शौचालय का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में शौचालयों की स्थिति जीर्ण-शीर्ण पाए जाने पर तत्काल मरम्मत, जीर्णोद्धार एवं नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। नगर में स्थित समस्त सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों का भी निरीक्षण कर आवश्यक सुधार कार्य कराने के आदेश दिए गए। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी श्री प्रकाश चित्ते, स्वच्छता निरीक्षक श्री सुभाष रघुवंशी, वार्ड दरोगा एवं नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर पालिका द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए नागरिकों की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई कर स्वच्छ, स्वास्थ एवं सुव्यवस्थित नगर निर्माण की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

**एक नजर में** — 30 से 70 वर्ष तक की आयु के पहलवानों के बीच कड़े हुए मुकाबले

# कई आयु वर्ग के पहलवानों ने अखाड़े में दिखलाया दमखम

**नवभारत न्यूज**

**बड़वाह, निप्र।** बड़वाह पुराने समय में अखाड़ों की अलग पहचान हुआ करती थी। छोटे-बड़े सभी अखाड़ों के दंगल देखने के लिए काफी भीड़ जुटा करती थी। आज जिस तरह क्रिकेट के प्रति लोगों में जुनून है और इसकी लोकप्रियता है, कुश्ती को लेकर भी यही जुनून हुआ करता था। 'माटी' के पहलवानों को देखने के लिए धक्का-मुक्की तक की स्थिति बन जाती थी। वक्त के साथ लोकप्रिय खेलों की सूची भी बढ़ती गई, लेकिन कुश्ती आज भी बड़वाह में जिंदा है।

खरगोन स्थित उमरखली रोड स्थित स्टेडियम ग्राउंड में श्रीकृष्ण व्यायामशाला द्वारा आयोजित जिला स्तरीय केसरी कुश्ती दंगल में बड़वाह की शहीद भगतसिंह व्यायाम शाला बड़वाह के खलीफा भूत पूर्व सैनिक रिटायर्ड मनोहरसिंह गोटू उस्ताद (दसौधि) के नेतृत्व में 22 पहलवानो के द्वारा अखाड़े में अपना दमखम दिखाकर बड़वाह का नाम रोशन किया। आयोजन समिति के भानू प्रताप सिंह रिंगा पहलवान बड़वाह के मनोहरसिंह गोटू उस्ताद (दसौधि) ने बताया कि जिलेभर से 70 से अधिक पहलवानों ने शामिल हुए थे। जिसमें अलग अलग आयुवर्ग 30 से 34, 35 से 39, 40 से 44, 45



से 49, 50 से 54, 55 से 59, 60 से 64, 65 से 70 और 70 से अधिक आयु वर्ग के पहलवानों के बीच कड़े और रोमाचंक मुकाबले हुए। जिसमें बड़वाह के अरुण जाधव प्रथम मयंक प्रजापत नरेंद्र प्रजापत विक्की प्रजापत कृष्णा गायकवाड़ भारत चौहान अभिषेक सोनकर नुकुल वर्मा गोलू जाधव सावन गायकवाड रोहन गायकवाड़ कुणाल जाधव राजकुमार जाधव राहुल कौशल ने कई पहलवान को चितकर क्षेत्र व शहर का नाम रोशन किया है। वहां मौजूद लोगों ने जमकर तालियां बजाकर पहलवालों का उत्साहवर्धन किया। विजेता पहलवानों को अतिथियों ने स्मृति चिन्ह देकर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र हिरवे ने किया

**जिला स्तरीय केसरी कुश्ती दंगल में शहर का नाम किया रोशन :-** शहीद भगतसिंह व्यायाम शाला के संचालक सन्नी भाटिया ने कहा कि जिला स्तरीय केसरी कुश्ती दंगल में हर वर्ग में हमारी व्यायामशाला के पहलवानों के द्वारा रोजाना अखाड़े में मेहनत करने के बाद ही शहर से 200 किमी दूर भी दंगल आयोजित होता है। तो वहां पर भी अपनी प्रतिभा दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ते है। आज जिला स्तरीय केसरी दंगल के आयोजन में कई युवा पहलवानों में केसरी का खिताब जीतकर शहर का नाम किया रोशन किया है। उनकी इस जीत पर धर्मेंद्र अम्बिया मुरली पहलवान लक्ष्मण ब्रजवासी पप्पू वर्मा पहलवान नारायण ब्रजवासी पहलवान जग्गा पहलवान संतोष वर्मा पहलवान सभी ने बड़वाह के युवा पहलवानो को बधाई दी।